### जिम्मेदारों को नहीं आमजनों की समस्याओं से सरोकार

# ऑक्सीजन की कमी से हुई मौत के बाद लोगों में आक्रोश

### पटरी से उतरी जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व्यवस्था

**शहडोल।** सरकार द्वारा सभी को स्वास्थ्य सेवाएं देने का भले ही दावा किया जाता है, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत है, अस्पताल में मानक के अनुरूप चिकित्सक एवं कर्मचारी नहीं है तथा स्वास्थ्य सेवाएं भी बिल्कुल बेपटरी हो गई है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर काफी हो हल्ला मचाया जाता है। परंतु शासन-प्रशासन की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता। जिले के जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधा शून्यवत नजर आ रही है। कहने को तो जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 50 बिस्तरो का अस्पताल है , परन्तु वर्तमान समय मे यहां रोगी आने से बच रहे है। मजबूरन जो रोगी यहां आते हैं, उन्हे इलाज के अभाव मे काल कलवित होना पड़ रहा है। आदिवासी बाहुल्य जयसिंहनगर में सरकार द्वारा 10 करोड़ से निर्मित भवन का उपहार देकर आदवासियों के स्वास्थ्य का चिंतन किया गया, लेकिन उक्त भवन एवं सुविधाएं भ्रष्टाचार कीभेंट चढ़ चुकी है, पहले से ही डाक्टरों के आभावका दंश झेल रहा जयसिंहनगर डॉक्टर राजेश तिवारी के जाने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं से पूरी तरह वंचित रह गया है।

### आधी-अधूरी सुविधाएं

जयसिंहनगर अस्पताल से मरीजों का मोहभंग हो चुका है, मरीज अस्पताल की बजाय नगर मे संचालित निजी क्लीनिको की ओर जा रहे है। पूर्व में स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा रहती थी, पूरा अस्पताल रोगियो से भरा रहता था, वर्तमान में उचित उपचार न मिलने के चलते




अधिकतर वार्ड खाली नजर आ रहे हैं, नये भवन निर्माण के बाद आधी अधूरी सुविधाएं होने के बावजूद आनन फानन में अधिग्रहित किया गया, अस्पताल प्रबंधन द्वारा ठेकेदार से नया भवन अधिग्रहित करने के पीछे राजनीतिक मजबूरी बताई जाती है। चर्चा है कि ठेकेदार सत्ता पक्ष के उच्च स्तरीय नेता का व्यक्ति है, स्थानीय भाजपा संगठन द्वारा पहले विरोध किया गया, बाद मे अपने आकाओ के सामने सरेंडर कर मुंह बन्द कर लिया गया।



### आक्सीजन की कमी से मरीज की मृत्यु

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर में बीते दिनों वार्ड क्रमांक 02 निवासी योगेश्वर पाण्डेय उम्र 65 वर्ष निवासी जयसिंहनगर की मृत्यु आक्सीजन की कमी के कारण हो गयी। मरीज के परिजनों ने बताया कि तीन बजे के लगभग सांस लेने मे तकलीफ होने से मरीज को भर्ती कराया गया था। मरीज की हालत ठीक थी, परन्तु लगभग चार बजे बिजली चली गयी, जिससे मरीज को आक्सीजन की आपूर्ति बंद हो गयी, जिससे मरीज की हालत बिगडऩे लगी, परिजनो द्वारा डाक्टर के.एल.दीवान से सम्पर्क किया गया, परन्तु आंधे घंटे तक आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था न होने से मरीज ने दमतोड़ दिया।

### जिला चिकित्सालय किया जा रहा रेफर

मौसम के मिजाज बदलने के बाद अस्पताल में मरीजों का भीड़ हर दिन बढऩे लगा है। वही मरीजों की भीड़ देख तमाम मरीज प्राइवेट अस्पतालों की तरफ रुख कर रहे हैं, जिसके चलते मरीजों को इलाज में आर्थिक बोझ के साथ परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जनरल सर्जन, रेडियो थैरेपी, आंख, नाक, कान, गैस्ट्रो, हड्डी आदि के स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है। सवाल उठता है कि इतने बड़े क्षेत्र को कवर करने वाले इस हॉस्पिटल में जब पर्याप्त डॉक्टर नहीं है तो, निश्चित रूप से क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर छला जा रहा है। दुर्घटना में घायल मरीजों को यहां पर मरहम पट्टी के बाद रेफर कर दिया जाता है। हादसों में घायल 90 प्रतिशत मरीजों को जिला अस्पताल भेज दिया जाता है।

### बढ़ता जा रहा लोगों में आक्रोष

जयसिंहनगर विकास खण्ड में आने वाले दर्जनों गांवों के लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आधारित है। इस अस्पताल में मरीजों के उपचार की अपेक्षित व्यवस्था नहीं है। मसलन इमरजेंसी के नाम पर मलहम पट्टी के अलावा कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे घायल व अन्य मरीजों के उपचार के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर आम जनता में स्वास्थ्य विभाग के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है, बीते दिनों ऑक्सीजन की कमी से हुई मौत के बाद चिकित्सा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में आक्रोष बढ़ता जा रहा है, बीते माहों में जिला प्रशासन के जिम्मेदारों ने कब स्वास्थ्य केन्द्र का हाल जाना था, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे है। जागरूक लोगों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित जिले के मुखिया से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था जल्द से जल्द दुरूस्त की जाये।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**शहडोल।** जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी अपने जीवन की सबसे प्रिय मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं, बल्कि समाज में भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करते हैं।

### मतदान में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम का किया गया रेन्डमाईजेशन

**शहडोल।** जिले की खांड़ नगर परिषद में रिक्त वार्ड क्रमांक 08 में पार्षद पद के निर्वाचन के लिए उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह द्वारा एनआईसी में रेन्डमाईजेशन विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया कि रेन्डमाईजेशन के माध्यम से 05 सेट ईव्हीएम जिसमें व्हीयू एवं सीयू का निर्धारण किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि क्रमशः विष्णु प्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, राकेश कन्नौजिया, अरफाना शेख, रामनाथ यादव, राजेश चौधरी, राकेश वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

### भालू की संदिग्ध मौत, जांच में जुटा वन विभाग



**शहडोल।** उत्तर वन मंडल के ब्यौहारी रेंज अंतर्गत गोदावल परिक्षेत्र के ढोढा कोयलारी गांव में सोमवार सुबह एक भालू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दिखने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मृत भालू को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। कुछ ग्रामीणों का मानना है कि कहीं जादू-टोना या किसी टोटके के लिए भालू का शिकार तो नहीं किया गया, कुछ लोग इसे प्राकृतिक मौत भी बता रहे हैं। फिलहाल स्पष्ट कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर डटे हुए हैं। क्षेत्रीय डीएफओ तरुणा वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि गोदावल रेंज के ढोढा कोयलारी में एक भालू मृत अवस्था में मिला है। वन्यजीवों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही-सही पता चलेगा। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले इसी वन परिक्षेत्र में दो हाथियों के जोड़े ने ग्रामीणों पर हमला कर दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। ऐसे में एक और वन्यजीव की संदिग्ध मौत ने स्थानीय लोगों में दहशत और चिंता दोनों बढ़ा दी है। फिलहाल जांच जारी है, और वन विभाग यह सुनिश्चित करने में लगा हुआ है कि कहीं यह शिकार का मामला तो नहीं या फिर कोई पारंपरिक अंधविश्वास इसके पीछे जिम्मेदार है।

# प्रदेश अध्यक्ष पर झूठे मुकदमे के खिलाफ कांग्रेस ने की पत्रकार वार्ता

**शहडोल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ पुलिस थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर में दर्ज एफआईआर पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष और दमनकारी मानसिकता का परिचायक है। यह एफआईआर न सिर्फ सच्चाई को दबाने का प्रयास है, बल्कि पीड़ितों को डराने और विपक्ष की आवाज को कुचलने का षड्यंत्र है।

### डरा-धमकाकर शपथ पत्र दिलवाया

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने बतया कि 25 जून को ग्राम मुडरा, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर के दो पीड़ित भाई गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा दौरे के दौरान मिले। उन्होंने शिकायत बताया कि गांव के दबंग सरपंच पुत्र विकास एवं उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की, मोटरसाइकिल छीनी और गंभीर अपमानजनक व्यवहार किया। पीड़ितों की आपबीती को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने वीडियो रिकॉर्ड कर सार्वजनिक किया ताकि पीड़ितों को न्याय मिले और प्रशासन जिम्मेदारी ले। इसके अगले ही दिन 26 जून को जिला प्रशासन द्वारा पीड़ितों को तलब कर डरा-धमकाकर शपथ पत्र दिलवाया गया, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि 'मानव मल खिलाने' जैसी बात कहने के लिए उन्हें श्री पटवारी ने



उकसाया था। उसी आधार पर 27 जून को मुंगावली थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई, जिसमें श्री पटवारी को षड्यंत्रकर्ता, धर्म-जाति के आधार पर समाज में द्वेष फैलाने वाला, राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा और सार्वजनिक उपद्रव भडक़ाने वाला बताया गया। यह संपूर्ण घटनाक्रम राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। श्री पटवारी एक जिम्मेदार विपक्ष के नेता के नाते पीड़ितों की आवाज बने। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि पीड़ित भाई कैसे बिलख-बिलख कर न्याय की गुहार कर रहे हैं। श्री पटवारी ने कोई उकसावन, साजिश या भ्रामक बयान नहीं दिया। यह एफआईआर प्रशासन द्वारा भाजपा सरकार के इशारे पर बनाई गई कहानी है, ताकि वास्तविक दोषियों को बचाया जा सके।

### यह रखी मांग

कांग्रेस ने मांग रखी कि झूठी एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर की भूमिका की स्वतंत्र न्यायिक जांच हो, पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए और दबंग सरपंच पुत्र एवं उसके साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस पार्टी हर ऐसे अन्याय के विरुद्ध, जनता के साथ खड़ी रहेगी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करती रहेगी। यह लड़ाई केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सत्य, न्याय और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। हम मांग करते हैं कि सरकार और प्रशासन राजनैतिक हस्तक्षेप छोडक़र, निष्पक्षता से कार्य करें अन्यथा कांग्रेस जन-जन तक इस साजिश को उजागर करेगी। पत्रकार वार्ता मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रीतम दास सोनी उपस्थित रहे।

# पुलिया बनने के बावजूद दर्जनों किसानों को नहीं मिला मुआवजा

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी विकासखंड के ग्राम पंचायत भमरहा के अंतर्गत झांपर नदी पर बनी पुलिया को बने हुए लगभग एक से दो साल होने को हैं, लेकिन इस परियोजना से प्रभावित किसानों को आज तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि किसानों ने पुल से आवागमन रोक रखा है। जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उनका साफ कहना है कि जब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक वे पुल का उपयोग शुरू नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि मुआवजे की मांग को लेकर उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन और जिला अधिकारियों को लिखित में शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। इस स्थिति से नाराज किसानों ने पुलिया के निकट गड्ढा खोदकर खाई बना दी है, जिससे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है।

### खेती पर पड़ा बुरा असर

किसान प्रेम शुक्ला ने बताया कि पुलिया निर्माण से उनकी खेती पर बुरा असर पड़ा है, लेकिन मुआवजा आज तक नहीं मिला। कई बार प्रशासन को सूचित किया गया, मगर



कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया से सटी सडक़ का निर्माण भी अधूरा पड़ा है, जिससे गोरखपुर, कोना, दुबरी, कोइलारी, लावानगरी और नागाडोल जैसे गांवों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने कहा कि यह सिर्फ किसानों की समस्या नहीं है, बल्कि इससे छात्र, मरीज और आम नागरिक सभी परेशान हैं।

### बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

गांव के निवासी हरि शरण ने बताया कि बरसात के दौरान नदी का जल स्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। उन्होंने सरकार से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है ताकि पुलिया का उपयोग सुचारु रूप से हो सके। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि मामला गंभीरता से लिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल के अनुसार तहसीलदार ने एक बार मौके पर निरीक्षण किया था, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक पुल का रास्ता बंद रहेगा। पीड़ित किसान रमेश पटेल ने बताया कि पुल बने एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन 35 से अधिक किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला। अगर जल्द ही मुआवजा नहीं दिया गया तो बारिश में भी किसानों ने पुल से लोगों का आना-जाना रोकने का फैसला किया है।

# कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षकों को वितरित किया प्रमाण पत्र

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार जिले में आयोजित निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025 का समापन समारोह कार्यक्रम में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र, ट्रेकशूट, शूज़ एवं प्रशिक्षकों को शासन के निर्देशानुसार 5 हजार एवं 2 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।



संभागीय मुख्यालय व विकासखण्ड मुख्यालय में 12 मई से 12 जून 2025 तक आयोजित किया गया। संभागीय मुख्यालय में 15 खेल-एथलेटिक्स, हैण्डवाल, वालीवाल, कबड्डी, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, कराते, जुडो, बाक्सिंग, ताईक्वांडों, लाठी, फुटवाल, खो-खो सेपराटेकरा, बास्केटवाल, का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय में प्रचालित 2 खेलो का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें खिलाडियों का ऑनलाईन पंजीयन 985 एवं आफलाईन पंजीयन मिलाकर कुल 1200 खिलाडियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाडियों में आपसी स्पर्धा कराई गयी। जिसमें प्रतिभावान खिलाडियों का चयन कर प्रदेश में संचालित खेल अकादमियों के द्वारा टैलेन्ट सर्च में सम्मिलित कराया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, सहायक संचालक खेल एवं फुटबॉल कोच रईस अहमद, प्रशिक्षक अजय सोधिया, कमलकांत साहू, दयानंद सोंधिया, रतन ठाकुर, नरेश कुंडे सहित अन्य खेल प्रशिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

# शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के संबंध में उपायुक्त ने प्राचार्यों को दिए निर्देश

### लापरवाही होने पर कड़ी कार्यवाही के दिये आदेश

**शहडोल।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव द्वारा संभाग के हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर शैक्षणिक सत्र में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्यों एवं शिक्षको को समय पर विद्यालय पहुंचने, इस हेतु अधीनस्थ संस्थाओं के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आपने कहा कि विद्यालयों का समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक है। इस समय में प्राचार्य एवं शिक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। खाली समय में शिक्षकों में पुस्तक पढऩे की रूचि जागृत की जावे, इस हेतु लाइब्रेरी की पुस्तकों का उपयोग किया जावे।

### शिक्षक सहित छात्राओं की गतिविधियों पर रखें नजर

श्री यादव द्वारा प्राचार्यों और विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बारिश के समय किसी ऐसे जर्जर भवन में संस्था का संचालन नहीं किया जाये, जिसके ढहने की आशंका हो। वर्षाकाल में बच्चों और शिक्षकों को पुल, पुलियों, रपटा आदि में ऊपर से पानी बहने की दशा मे पार नहीं करने की समझाईस दी जाए। उनके अभिभावकों को भी यह संदेश दिया जाए। ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जिनके बारे मे शराब पीकर विद्यालय पहुंचने के संकेत रहे हैं, ऐसा पाए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। विद्यालय में शिक्षकों की गतिविधियों और बच्चों विशेषकर छात्राओं के साथ उनके व्यवहार पर नजऱ रखी जाये, जिससे विद्यालयों में कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो।

### जिला स्तर पर लगेंगे शिविर

श्री यादव ने कहा जिले में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की सुनवाई हेतु 15 जुलाई के बाद जिला स्तर पर शिविर आयोजित किए जायेंगे। इसके पूर्व संबंधित कर्मचारी 10 जुलाई तक संभागीय उपायुक्त कार्यालय को समक्ष में उपस्थित होकर, डाक द्वारा या ईमेल पर आवेदन मय अभिलेखों के कर सकेंगे। प्राप्त होने वाले आवेदनों को निराकरण हेतु सक्षम अधिकारी की ओर प्रेषित किए जाऐंगे तथा निराकरण हेतु समय-सीमा निश्चित की जाएगी। 15 जुलाई के बाद समक्ष सुनवाई के समय आवेदनकर्ता को निराकरण/समय-सीमा के बारे में सूचित किया जाएगा। प्राचार्य/विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी इस बारे में अपने अधीनस्थ संस्थाओं के कर्मचारियों को विभिन्न माध्यमों से सूचित करेंगे।

### कराई जायेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

उपायुक्त ने कहा कि जिले के विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जे.ई.ई./नीट आदि की तैयारी विद्यालय स्तर पर कराई जाएगी, इसके लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षको की सूची उपलब्ध करावें ताकि कार्यशाला आयोजित कर शिक्षको को इस कार्य के लिए प्रेरित किया जा सके। शालाओं में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराए जाने की कार्यवाही की जावे। स्कॉलरशिप के लिए कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों का सर्वप्रथम प्रोफाइल पंजीयन प्रवेश के समय ही कराया जावे। आकांक्षा योजना के लिए आवेदन किए जाने की तिथि बढाकर 9 जुलाई 2025 कर दी गई है, पात्र विद्यार्थियों के अधिक से अधिक आवेदन समय-सीमा में कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक संजय पाण्डेय एवं जगदीश प्रसाद नापित कार्यालय संभागीय उपायुक्त तथा संस्थाओं के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# पत्ता गोभी में निकला सांप

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत के खोडरी गांव में पत्ता गोभी के अंदर सांप मिलने के बाद गांव में हडक़ंप मच गया है, घटना के संबंध में बताया गया कि खोडरी गांव के रहने वाले शमीम खान ने बताया कि बारिश के मौसम में सब्जियों की मारामारी है, उन्होंने ने कहा वह कमता बाजार रविवार शाम पहुंचे थे, जहां से उन्होंने 1 किलो पत्ता गोभी खरीदी और सोमवार की सुबह उनके घर में सब्जी बनने की तैयारी शुरू हो गई। शमीम खान ने बताया कि उनकी पत्नी सोमवार की सुबह रोज की तरह तकरीबन 09 बजे सब्जी बनाने के लिए घर में रखी पत्ता गोभी को चाकू से काटा तो, उसमें बीच से एक लंबा सा कीड़ा निकला, जिसे देख वह डर गई और पति को आवाज लगाकर बुलाया, पति शमीम ने जब इस कीड़े को पत्ता गोभी के अंदर रेंगते देखा तो वह भी हैरान रह गए।

### पुराने लोगों ने की पहचान

पत्ता गोभी को लेकर परिवार बाहर निकाला और आस-पास के लोगों को बुलाया गया, तभी बगल में मौजूद एक बुजुर्ग महिला एवं अन्य ने इसे गौर से देखा और बताया कि यह एक सांप है, जिसे गांव की भाषा में अंधरी सांप भी कहा जाता है। घटना का वीडियो कुछ लोगों ने बना लिया, वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पत्ता गोभी के बीच के हिस्से में सांप रेंगते हुआ दिखाई दे रहा है, गांव के लोग पत्ता गोभी खाने में अब डर रहे हैं। शमीम और उनके परिवार का कहना है कि हम अब कभी भी पत्ता गोभी का सेवन नहीं करेंगे, क्योंकि यह जानलेवा भी हो सकता है।

### हो सकता है खतरनक

जिला अस्पताल के मेडीसिन विभाग के डॉक्टर भूपेंद्र सिंह सेंगर से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह एक जहरीला कीड़ा है। जिसे गांव की भाषा में अंधरी सांप कहा जाता है। अगर इसे सब्जियों के साथ खा लिया जाए तो, उससे लोगों की जान जा सकती है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में यह आम बात है। पत्तियों



वाली सब्जियों में यह कीड़े पाए जाते हैं। इस मौसम में उन्हें ने कहा अच्छे से सब्जियों को धुलने के बाद ही उनका उपयोग किया जाए।

**खबर संक्षेप**

### बिजुरी पुलिस ने कॉबिंग गश्त में 4 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले मे अपराधो मे नियंत्रण हेतु शनिवार की रात्रि जिले के समस्त थानों मे कांबिंग गस्त कराई गई जिसमें फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी की तामीली जिला बदल आरोपियों की घर चेकिंग, निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की चेकिग एवं वसूली वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। शनिवार की रात्रि 28.06.25 को थाना बिजुरी पुलिस द्वारा काबिंग गश्त के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के निर्देशन मे अलग -अलग प्रकरणों मे फरार चल रहे 02 स्थाई वारंटी एवं 02 गिरफ्तारी वारंटी रवि कोल पिता लल्ला कोल उम्र 32 वर्ष निवासी काली मंदिर बिजुरी को न्यायालय कोतमा के प्रकरण क्र 1505/20 धारा 294, 323, 506, 34 ताहि कुशल प्रसाद पनिका पिता मंगलदीन पनिका उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नगाराबांध को न्यायालय कोतमा के प्रकरण क्र 41/22 धारा 138 पराक्रम अधिनियम। प्रेमलाल यादव पिता आनंदराम यादव उम्र 38 वर्ष निवासी जलसार को न्यायालय कोतमा के प्रकरण क्र 466/20 धारा 498 ए, 323, 506 ताहि 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 4-विवेक पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी बिजुरी को न्यायालय कोतमा के प्रकरण क्र 735/21 धारा 379, 414 ताहि 4/21 खनिज अधिनियम के वारंटियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### बरतराई कालरी में सेवानिवृत्त होने पर कोलकर्मियों ने किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरतराई कालरी में रिले ए के एलएचडी ऑपरेटर होलीराम, हरीनारायण, तुलसी, अपनी सेवा से 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए। तत्पश्चात आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र के बरतराई कालरी में वर्तमान में रिले (ए) में कार्यरत रहे। रिले ए पाली प्रभारी स्वप्निल गनवीर तथा खेल प्रकाश साहू द्वारा मंच पर सभी श्रमिकों के बीच होली राम, तुलसी, हरिनारायण का साल, फल, तथा फूल माला से सम्मानित किया गया। रिले (ए) से एक अनुभवी, सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पाली प्रभारी स्वप्निल गनवीर, एवं खेल प्रकाश साहू द्वारा होली राम, तुलसी, हरिनारायण का मुंह मीठा कराया। इन सभी कर्मचारीयो के सेवानिवृत्त होने पर उनके उज्वल भविष्य एवं स्वास्थ कि उन्हें शुभकामनाएं दी। रिले (ए) के तरफ से इन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रिले ( ए ) मोहम्मद हसनैन ओवरमैन, के माइनिंग सरदार सुरेंद्र सिंह, नीरज केवट, सुधा दास, दीप नारायण प्रजापति, राहुल, जयदीप, गंगाराम त्यागी (एमटीके) विश्वनाथ मैकेनिकल फोरमैन तथा एलएचडी ऑपरेटर, शिव प्रसाद, दलवीर, दद्दी सिंह, तथा कैरीयर लक्ष्मण, विष्णु, अशोक, लाल दास, रामजीत ,अनिल मिश्रा, इश्तियाक, एजाज, जयराम घासी द्वारा के उज्वल भविष्य की कामना की गयी।

### तालाब में विधायक, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत ने किया श्रमदान

# अभियान के तहत खेत तालाब, अमृत सरोवर, छोटी-छोटी जल संरचनाओं का किया गया जीर्णोद्धारः कलेक्टर

### आने वाली पीढ़ी के लिए करें जल का संचयः विधायक









**उमरिया।** जिस प्रकार हम अपने बच्चों को अच्छा जीवन देने , उनकी शिक्षा हेतु पैसों का संचय करते है, ठीक उसी प्रकार अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संचय करे। जल की एक-एक बूंद बूंद को सहेजना हम सबका नैतिक दायित्व है। जल हमारे लिए बहुत उपयोगी है । उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह ने करकेली विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कौडिय़ा 22 के जत्रा तालाब में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया, अभियान के तहत तालाबो, कुओं, बावडिय़ों के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। इस अभियान में ग्रामीण जनों का भरपूर सहयोग मिला।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि मनुष्य खाने के बिना तो जीवित रह सकता है लेकिन जल के बिना नही । उन्होंने कहा कि मानव को पीने के लिए जल एवं सांस लेने के लिए शुद्ध वायु की आवश्यकता होती है, इसलिए आवश्यक है कि अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण करें । जल के बिना मानव की परिकल्पना भी नही की जा सकती है । प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तीन महीनो में खेत तालाब, अमृत सरोवर, छोटी छोटी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया । कलेक्टर ने जत्रा तालाब की पिचिंग एवं घाट निर्माण कराने की भी बात कही । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश शासन के आव्हान पर जिले में प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान से नदी, तालाबों, कुओं की तस्वीर बदल गई है । गांव, गांव नगर नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी, तालाबों, कुओं, घाटों जीर्णोध्दार हुआ है, वहीं जल को बचाने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथिलेश पयासी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जल को संरक्षित करने की दिशा में कारगर साबित हुआ है। उन्होने उपस्थित जन मानस से अपील की है कि जल को व्यर्थ नही बहाएं।उपयोग में आने के बाद नल को बंद कर दें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि तीन महीने तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों ,स्वयंसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है । जिले में 11 अमृत सरोवर का कार्य पूरा कर लिया गया है । खेत तालाब के 710 लक्ष्य प्राप्त हुए थे, जिसमें से 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, तथा 10 प्रतिशत कार्य प्रगतिरत है । इसी तरह 1100 छोटी बड़ी सरंचनाओं का जीर्णोध्दार किया गया है । इसी प्रकार जिले में 210 स्थानों पर जहां पर नदी , नालों पर पानी रहता है, वहां पर जनसहयोग के माध्यम से बोरी बंधान का कार्य किया गया । इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी, दीपक छत्तवानी, राजेन्द्र तिवारी, राजा तिवारी , मंदिर के पुजारी रामानंद जी महाराज , सलैया सरपंच मस्तराम कोल, कौडिय़ा 22 सरपंच ममता कोल सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान आज से होगा शुरू

### प्रतिदिन 510 और सौ दिन में 51 हजार व्यक्तियों की होगी जांच



**उमरिया।** सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग करने में देश के सभी राज्यों में मध्यप्रदेश का नाम प्रथम स्थान पर है।लेकिन राज्यपाल महोदय का विजन स्पष्ट है कि सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग में संख्यात्मक दृष्टि से प्रथम नहीं बल्कि शत प्रतिशत स्क्रीनिंग करके प्रदेश को सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन प्रदेश बनाना है।राज्यपाल के मार्गदर्शन से उप मुख्यमंत्री द्वारा 19 जून 2025 को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जनजाति बाहुल्य बड़वानी जिले से 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान 1 जुलाई से प्रारम्भ करने की घोषणा की गई। जिसकी तैयारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश ने पूरी कर ली है जिसके दिशा निर्देश प्रदेश के उन 33 जिलों जिनमें सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन संचालित है के जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को भेजे गए है। पत्र में 33 जिले और उनमें प्रतिदिन के हिसाब से 100 दिन में सिकल सेल जॉच होने वाले व्यक्तियों का जिलेवार लक्ष्य दिया गया जैसे उमरिया जिले में प्रतिदिन 510 और सौ दिन में 51हजार व्यक्तियों की जांच होनी है। इस सौ दिवसीय अभियान को जनजातीय कार्य विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुष, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पूरा किया जाना है।अभियान का समापन 15 नवंबर,राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 03 जिलों,10 विकासखंड, एवं 05 सिकल मित्रो को राज्य स्तर से सम्मानित किया जाएगा।इस रोग के उन्मूलन हेतु राज्यपाल महोदय के प्रयासों से सभी अवगत हैं । डॉ दीपमाला रावत ने बताया कि माननीय राज्यपाल महोदय चाहते हैं कि इस अभियान में जहां इलेक्ट्रानिक/ प्रिंट मीडिया प्रचार- प्रसार में सहयोग करे वहीं जन प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, निजी संस्थाएं , आम जनमानस प्रशासन के साथ सहयोग कर अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री का खंडवा जिले से आयोजित कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण



### जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह संपन्न

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह जिला पंचायत सभागार में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल का संरक्षण हुआ है।आम जनों ने पानी के महत्व को समझते हुए जल की एक एक बूंद को सहेजने का काम किया है।बुजुर्गो, महिलाओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान में अपनी महती भूमिका निभाई है, जो बधाई के पात्र है । जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा अनुरूप प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान से नदी, तालाबों, कुओं , बावडियों का स्वरूप बदला है । तालाबों के आस पास श्रमदान करके सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। छोटी छोटी जल संरचनाओं के जीर्णोध्दार के कार्य किए गए जो जल को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि उमरिया जिले मे भी 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया गया जिसका समापन 30 जून को हो रहा है । जल ही जीवन है, इसको संरक्षित करने का दायित्व हम सभी का है । अभियान के दौरान जिले भर में जल को संरक्षित करने का कार्य किया गया, जो सराहनीय रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में खंडवा जिले से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला पंचायत सभागार में देखा एवं सुना गया । इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले,हरनीत कौर कलसी ,सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य सावित्री चौधरी, मीना सिंह, बेला बाई, सावित्री मौजीलाल चौधरी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर पालिका अंतर्गत हटाये गये अस्थाई अतिक्रमण

**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किषन सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति मे लिये गये निर्णय अनुसार नगर के मार्गों में आवागमन प्रभावित करने वाले अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिये गये है । नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत ऐसे स्थलों का चयन किया गया है। सडक़ यातायात बाधित करने वाले अवैध अतिक्रमणों को हटाए जाने की कार्यवाही सतत रूप से जारी है तथा चयनित स्थल स्टेशन रोड में कतिपय लोगों द्वारा ठेला, गुमटी तथा अस्थाई संरचना लगाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे आवागमन की सुविधा की दृष्टि से हटा दिया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि सार्वजनिक मार्ग अथवा सार्वजनिक स्थल में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें एवं व्यवसायियों से अपील है कि अपने दुकान की सामग्री दुकान के बाहर रखकर आवागमन को बाधित न करें। दुकान की सामग्री दुकान सीमा के अंदर ही रखें ।

### विधायक, कलेक्टर, सीईओ ने की शिव की पूजा अर्चना



**उमरिया।** जनपद पंचायत करकेली के ग्राम पंचायत कौडिय़ा 22 स्थित झालखण्ड शिवालय में विधायक बांधवगढ़ शिव नारयण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, श्री आसुतोष अग्रवाल, श्री मिथिलेश पयासी , सी ई ओ जनपद पंचायत हरनीत कौर कलसी ने विधि विधान के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना की एवं उमरिया जिले की सुख समृद्धि की कामना की।

# कोतमा विधानसभा क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों में भर्राशाही

### 1 साल से नहीं हुआ भ्रमण, पदस्थापना कराये जाने की मांग



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में संचालित कई कार्यालय प्रभार के भरोसे संचालित हो रहे हैं। जबकि विधानसभा क्षेत्र से मध्य प्रदेश शासन में विधायक दिलीप जायसवाल राज्य मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। बावजूद उनके ही विधानसभा क्षेत्र में स्थिति यह है कि कई कार्यालय व कई विद्यालय भी प्रभार के भरोसे संचालित हो रहे हैं। विकासखंड में स्थित कई कार्यालय में कर्मचारी 40 किलोमीटर दूर से आना-जाना कर रहे हैं। जबकि शासन के नियम यह है कि 9 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर अधिकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में निवास करना चाहिए लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय में भर्रेशाही मची हुई है। अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमर्जी का कार्य कर रहे हैं वहीं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किसी को भी किसी कार्यालय का प्रभारी बनाकर कार्यालय में बैठा दिया जा रहा है। जिसके कारण आम जनता परेशान हो रही है। कहने को तो विधानसभा क्षेत्र में कोतमा में एकीकृत महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय वर्षों से संचालित है। लेकिन वर्तमान में महिला बाल विकास विभाग जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय प्रभार के भरोसे संचालित हो रहा है। एकीकृत महिला बाल विकास कार्यालय अंतर्गत लगभग 168 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। और उनकी व्यवस्था की देखरेख की जिम्मेदारी 6 सेक्टर सुपरवाइजर के जिम्मे में है। जिनमें से मात्र चार सुपरवाइजर ही है। लेकिन वर्तमान में एक सुपरवाइजर काफी दिनों से मातृत्व अवकाश में है। एक सुपरवाइजर को कम सुनाई देता है। जिसके कारण एकीकृत महिला बाल विकास की व्यवस्था वर्तमान में पूरी तरह से लड़खड़ाई नजर आ रही है। प्रभार के भरोसे कार्यालय- एकीकृत महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय वर्तमान में प्रभार के भरोसे चल रहा है। जैतहरी में पदस्थ महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को कोतमा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जिसके कारण वह कोतमा परियोजना कार्यालय में पूरा समय नहीं दे पाते हैं। महीने में एक दिन वह भी दोपहर बाद मीटिंग लेने के लिए कार्यालय आते हैं। और मीटिंग के बाद वापस चले जाते हैं। महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका एवं कार्यकर्ता महिला है जिसके कारण उन्हें देर शाम मीटिंग अटेंड कर दूर अपने घर जाना पड़ता है जिससे महिलाओं को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।

#### 1 साल से नहीं किया भ्रमण

वर्तमान में प्रभारी परियोजना अधिकारी के रूप में जैतहरी में पदस्थ सतीश जैन को प्रभार दिया गया है लेकिन वह पूरा समय नहीं दे पाते हैं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लगभग 1 साल से उनके द्वारा बिजुरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण भी नहीं किया गया है जिसके कारण उन आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था भी समझ में नहीं आ रही है। प्रभारी अधिकारी के द्वारा भी एक प्रभारी को कोतमा परियोजना कार्यालय में नियुक्त किया गया है जिसके द्वारा व्यवस्थाओं की देखरेख की जा रही है। लेकिन वह सुपरवाइजर भी है उनके जिम्मेदारी में आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था की भी है। जिसके कारण कार्यकर्ता सहायिकाओं के हौसले बुलंद है मनमानी रूप में उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है।

#### की जाए पदस्थापना

पूर्व में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा अपने उद्बोधन में यह कहा गया था कि अब हमारे संभाग में प्रभारी के भरोसे कोई भी कार्यालय संचालित नहीं होंगे जिन कार्यालय में प्रभारी है वहां पर पूर्ण रूप से अधिकारी की पदस्थापना करवाई जाएगी, लेकिन आज तक एकीकृत महिला बाल विकास कार्यालय कोतमा में पूर्ण रूप से अधिकारी की पदस्थापना नहीं होने के कारण व्यवस्थाएं चौपट नजर आ रही है। नागरिकों एवं ग्रामीणों ने राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल एवं नवजात कलेक्टर हर्षल पंचोली से एकीकृत महिला बाल विकास कार्यालय कोतमा में पूर्ण रूप से अधिकारी की पदस्थापना करवाई जाने की मांग की है।

# बालश्रम समाज के लिए अभिश्राप : प्रतिमा शर्मा

### बाल श्रम एवं बाल विवाह पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** बालश्रम समाज के लिए अभिश्राप है, हमे बाल विवाह एवं बाल श्रम निषेध पर सघन जनजागृति करनी होगी। हमे स्वयं में एवं संस्थाओं में ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करनी होगी जिससे समाज के सभी लोग बच्चों के मुद्दे से जुड़ सकें । उक्ताशय पर अपनी बात रखते हुए HARD संस्था की अध्यक्ष प्रतिमा शर्मा ने बाल श्रम एवं बाल विवाह पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा। एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट के अंतर्गत हार्ड संस्था द्वारा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संस्था कार्यालय में किया गया जहां उन्हें A 2J द्वारा प्राप्त गाइड लाइन पर क्षमता वृद्धि की गई जिसमे कोरबा कोरिया एवं शहडोल से कार्यकर्ता साथी शामिल हुए कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था में सरस्वती जी एवं गांधी जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर संस्था अध्यक्ष के स्वागत से शुरू किया गया परियोजना डायरेक्टर द्वारा टीम को परियोजना के सम्पूर्ण उद्देश्य को बताते हुए कहा गया कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रोजेक्ट है हमें बच्चों को कानून के मदद से रेस्क्यू करना है तथा योजनाओं का लाभ दिलाते हुए बच्चों का परिवार के साथ पुनर्वास करते हुए समुदाय का सशक्तिकरण करना है। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना समन्वयक गौरीशंकर सिंह ने प्रशिक्षण दिया। अगले तीन दिन में इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में बाल श्रम एवं बाल विवाह निषेध की जमीनी रणनीति पर परिचर्चा कर व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की जायेगी। कार्यक्रम को संस्था के डायरेक्टर सुशील शर्मा एवं कोरिया समन्वयक गौरीशंकर सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जहांगीर, इश्हॉक मोहम्मद, इश्तियाक शहडोली, दिव्या कपिल शुक्ला, सुदेश, गजेंद्र फ्लेश एवं उतरा सिंह राठौर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन भूपेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान मंदिर तिवनी में निक्षय शिविर संपन्न

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर तिवनी विकासखंड पाली में 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 लोगों की टी.बी. की स्क्रीनिंग व एक्सरे जांच की गई जिसमें 2 लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए। जिनका ट्रीटमेंट दिनेश सिंह धुर्वे एसटीएस पाली द्वारा प्रारंभ किया गया। समस्त लोगों को टी.बी. के प्रति सामाजिक जागरूकता लाने हेतु निक्षय शपथ दिलाई गयी।

शिविर में डीपीसी शारदा प्रसाद गुप्ता,राजेश कुमार मांझी एस.टी.एल.एस. पाली एसटीएस दिनेश सिंह धुर्वे, सरपंच ग्राम पंचायत तिवनी गुलाब बाई सिंह,आकांक्षा हल्दकर, सीएचओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर तिवनी, टीम लीडर पीपीएसए दिव्य ज्योति, आशा एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अमानक बीज, खाद का विक्रय करने वालों पर की जाए कार्यवाहीः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले मे अमानक बीज, खाद का विक्रय करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी खाद, बीज की समस्या उत्पन्न नही हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा स्थानीय श्रीराम हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हड्डी एवं घुटनों में दर्द तथा प्रत्यावर्तन (रिप्लेसमेंट) योग्य मरीजों का विशेष रूप से परीक्षण किया गया । शिविर में जबलपुर से डॉक्टर विकास सावला जो हड्डी रोग विशेषज्ञ है तथा जिन्हें घुटनों के प्रत्यावर्तन में विशेषज्ञता हासिल है, ने उपस्थित होकर मरीजो का परीक्षण कर उपचार किया। शिविर में कुल 62 मरीजो का परीक्षण एवं उपचार किया गया । शिविर की शुरुआत में भारत विकास परिषद के सदस्यों ने उपस्थित रहकर आमंत्रित डॉक्टर सावला का स्वागत किया तथा उपस्थित मरीजो को शिविर के संबंध में जानकारी दी गई। परिषद् द्वारा उपस्थित मरीजों के साथ साथ अस्पताल के सभी मरीजों एवं परिजनों को स्वास्थ वर्धक पेय का वितरण किया गया। कार्यकम का संयोजन उपाध्यक्ष सेवा अशोक मोर एवं सचिव विजय दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अमिता चपरा, परिषद् अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, डॉक्टर सुशील सिंघल,रवि नेमा, मंजू लता जैन,दीपक केशरवानी, ममता नेमा, किशोर केडिया, विजय जैन, अरुण चपरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत झालखंड मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न

# अभियान पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता हैः विधायक





### पौधरोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लेंः कलेक्टर

**उमरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून से प्रारंभ हो गया है।एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रयास है। जिससे लोगो को अपनी मां के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ ने करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत कौडिय़ा 22 स्थित झालखंड शिवालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होने कहा कि पर्यावरण का अर्थ उस प्राकृतिक परिवेश से है, जिसमें हम रहते हैं। हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा है, जैसे हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु। पर्यावरण संतुलित रहे , इसके लिए हमें पौध रोपण करना होगा। हरे भरे पेड़ों की कटाई बंद करनी होगी । हर कोई अपनी मां के नाम से पौध रोपित करें ।इस अभियान ने मां के प्रति अपना स्नेह जताने का सभी को समान अवसर प्रदान किया है । हर जिम्मेदार नागरिकों को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि जब यही पौधे बड़े होकर विशाल वृक्ष बनेंगे तो उनसे हमें फल फूल एवं औषधियां प्राप्त होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पौधारोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लें । जिस प्रकार हम अपने घरों में छोटे बच्चो की देखभाल करते है , ठीक उसी प्रकार हमें पौधारोपण करने के बाद उन्हें समय समय पर पानी देना चाहिए । ताकि वह पौध जीवित रहे । उन्होने कहा कि सभी जन पर्यावरण को संरक्षित करनें का संकल्प लें ।

आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किए गए पौधो की सुरक्षा भी करें । पेड़ से हमे जहां एक ओर आक्सीजन मिलता है, वहीं दूसरी ओर फल एवं फूल प्राप्त होता है ।पेड़ हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि पौधारोपण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है । वातावरण को संतुलित रखने मे पौधारोपण करना आवश्यक है। इसलिए आवश्यक है कि हर नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी, मिथिलेश प्यासी, राजा तिवारी ,दीपक छतवानी, राजेन्द्र तिवारी, मंदिर के पुजारी रामानंद जी महाराज , सलैया सरपंच मस्तराम कोल, कौडिय़ा 22 सरपंच ममता कोल सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ता की सजकता एवं समन्वय से समय रहते मिला समूचित उपचार



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.व्ही.एस.चंदेल द्वारा बताया गया कि ग्राम झलवार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदवार विकासखंड मानपुर जिला उमरिया में एक गर्भवती महिला नान बाई पति श्री करण अगरिया को आशा कार्यकर्ता तेरसी बाई के घर में भेंट करने पर वह गर्भवती पाई गई। प्रारंभिक जांच कराए जाने के उपरांत नान बाई मायके में शादी विवाह कार्यक्रम में गई हुई थी इसके पश्चात गर्भावस्था के सात माह होने पर वापस ग्राम झलवार आना हुआ जिस पर आशा द्वारा पुनः जांच कराए जाने हेतु गृह भेट किया गया क्योंकि नान बाई की जांच करने उपरांत वह एनीमिक पाई गई आशा कार्यकर्ता द्वारा एनीमिक पाए जाने पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु उमरिया जिला चिकित्सालय जाने की हेतु सलाह दी गई किंतु महिला के परिवार एवं उनके पति के द्वारा विरोध किया गया आशा द्वारा बार-बार सूचना एवं परामर्श के उपरांत भी परिवार के सदस्यों ने इंकार किया तत्पश्चात आशा द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर राजेंद्र वर्मा एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक रेखा वाधवानी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा तत्काल तत्परता से उसे 3 जून को फोन पर बात की एवं 12 जून को घर जाकर समझाया गया किंतु वह आने को तैयार नहीं हुई । जिला स्तर पर सूचना देने पर सीएमएचओ डॉक्टर व्हीएस चंदेल के द्वारा जिला स्तर पर टीम गठित कर ग्राम में भेजी गई जिसमें नोडल अधिकारी 108 रोहित सिंह बघेल डीसीएम संजना राय डीपीएचएओ अनुराधा पटेल को भेजा गया टीम के द्वारा नान बाई के घर जाकर उसके घर के सदस्यों को समझाइए दी गई घर के सदस्यों को विश्वास में लेकर उन्हें नान भाई की एनीमिक स्थिति एवं होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तब जाकर दिनांक 18 जून को 108 के माध्यम से आशा द्वारा नान बाई को अगले ही दिन जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर कुलदीप पटेल सुमन हेल्प डेस्क डीसीएम डीपीएसएनओ द्वारा उसे भर्ती करवा कर उचित उपचार एवं प्रबंधन प्रारंभ कर दिया गया डॉ मुकुल तिवारी ब्लड बैंक अधिकारी द्वारा दो यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन करवाया गया 20 जून को सुबह महिला नान भाई ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया माता एवं शिशु दोनों ही स्वस्थ पाए गए हैं । इस प्रक्रिया में डॉ व्हीएस चंदेल के मार्गदर्शन में यह सफलता मिली । कार्य को सफल बनाने में डॉक्टर के सोनी सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर मुकुल तिवारी डॉक्टर संदीप सिंह डॉक्टर रोहित सिंह अनुराधा पटेल संजना राय रेखा वाधवानी राजेंद्र वर्मा ब्लड बैंक वीरेंद्र मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ का सहयोग प्रदान किया गया।




# जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह की उपस्थिति एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ पूजा द्विवेदी ने बताया कि जिले में अनुसूचित जाति , जनजाति के 3 हत्या के प्रकरणों में 24.75 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। बलात्कार के 10 प्रकरणों में 36 लाख रुपये, लज्जा भंग के 6 प्रकरणों में 16 लाख रूपये, अपमान अभित्रास के 31 प्रकरणों में 31 लाख रूपये भुगतान किया गया है। बैठक में गवाहों एवं आश्रितों को यात्रा भत्ता परिवहन व्यय आहार एवं भरण पोषण व्यय के तहत अनुसूचित जाति, जन जाति में यात्रा भत्ता , आहार व्यय, भरण पोषण, चिकित्सा एवं अन्य व्यय, सदभावना शिविर, अस्पृश्यवता निवारण शिविर, जागृत शिविर, बच्चो की शिक्षा आकस्मिकता नियम, पुलिस थानों में दर्ज प्रकरणों की स्थिति की जानकारी की समीक्षा की गई।

बैठक में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य सावित्री चौधरी, मीना सिंह, बेला बाई, सावित्री मौजीलाल चौधरी, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## जल संरक्षण और वृक्षारोपण से ही पर्यावरण की होगी सुरक्षाः विधायक

### विधायक ने जल गंगा संवर्धन अभियान का ग्राम नरवार में किया समापन



**शहडोल।** जिले में जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत नरवार में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल संरक्षण के सार्थक प्रयास किए गए। जिले में भी खेत तालाब निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण तथा हैण्डपंप एवं कुंओं में रिचार्ज पिट, बावडियों का जीर्णोद्धार, पुराने जल स्त्रोतो, तालाबो, नदी के घाटो की साफ-सफाई का कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन जनप्रतिनिधियो, शासन प्रशासन, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं तथा आम जन के सहयोग से संचालित होने से जन अभियान बन गया। सभी के सहयोग से वर्षाजल को सहेजने का प्रयास किया गया है। जल संरक्षण के साथ-साथ हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर वृक्षारोपण में भी योगदान दे।

जल संरक्षण और वृक्षारोपण से ही पर्यावरण की सुरक्षा होगी। समापन कार्यक्रम में खण्डवा में आयोजित राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन एवं अन्य कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण दिखाया गया। गांव की महिलाओ द्वारा जल कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने नवीन खेत तालाब के हितग्राहियों एवं जलदूतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत के किये गए कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, जलदूत, खेत तालाब योजना के हितग्राही तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों ने भाग लिया।

## पानी की बूंद-बूंद सहेजने का जो प्रयत्न किया वह होगा वरदान साबितः विधायक

**शहडोल। जैतपुर** विधायक जयसिंह मरावी की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत बलभद्रपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक ने कहा कि जिले के नगर-नगर और गांव-गांव में जल स्त्रोतों को शुद्ध और उपयोगी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे अनेक पोखर और बावडिय़ों को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ है। यह सरकार और समाज का संयुक्त प्रयास है। विश्वास है कि पानी की बूंद-बूंद सहेजने का जो प्रयत्न किया गया है वह सभी के लिए वरदान साबित होगा। सूखे खेत हरे-भरे होंगे, सुनहरी फसलें लहलहायेंगी। हमारा किसान समृद्ध होगा और मध्यप्रदेश की धरती समृद्ध होगी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक सचिन सेठिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार राजीव लघाते, ग्राम पंचायत बलभद्रपुर के सरपंच रामनिवास सिंह परस्ते सहित नवीन खेत तालाब के हितग्राही, जलदूत व अन्य लोग उपस्थित थे।




## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज , एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## गांजा तस्करों को मिली 10-10 वर्ष की सजा

**शहडोल।** जिले के विशेष न्यायालय ने गांजा तस्करी के आरोप में चार व्यक्तियों को 10-10 वर्ष के कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। हाल ही में यह मामला उस समय सामने आया जब पुलिस ने अवैध गांजा के व्यापार में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 9 मई 2023 को जब सहायक उपनिरीक्षक सुशील कुमार तिवारी अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। उन्हें मुखबिर की सूचना मिली कि बंधाटोला मगरदहा तिराहा के पास कुछ लोग ग्राम नकुनी करौंदिया के मध्य जंगल में अवैध रूप से गांजा का व्यापार कर रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश दी और वहां से दो वाहन की डिक्की से कुल 60 किलो गांजा बरामद किया गया था, आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में डायरी पेश की गई जिस पर यह सजा सुनाई गई है। सहायक उप निरीक्षक के साथ अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण थी।

विशेष न्यायाधीश ने आरोपियों लट्टू उर्फ मजीद खान, राजमन गुप्ता, रविकांत पटेल और राजीव पटेल को अवैध गांजा व्यापार में संलिप्त पाते हुए सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से एस.के . त्रिपाठी अपर लोक अभियोजक ने मामले की पैरवी की। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को कठोर सजा सुनाई और उनके खिलाफ सभी साक्ष्यों को मान्य किया।

एस.के.त्रिपाठी ने कहा हमने इस मामले में सभी आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत किए थे और अदालत ने तर्कों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया। इस मामले ने जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के प्रति एक नई चेतना जागरूक की है।

# जगत के पालनहार तीन दिवस विश्राम करने के बाद भाई-बहन के साथ वापस श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचे



**बुढ़ार।** भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा, भाई बालदाऊ तीन दिवस अपने मौसी के यहां विश्राम करने के बाद सोमवार को वापस श्री राम जानकी मंदिर वापस पहुंचे।सोमवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा पुनः मंदिर वापस जाते समय नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना कर अपने जीवन को सौभाग्य मय बनाते हुए प्रभू से मंगलकामनाएं की है। रथ में मंदिर के मंहत श्रीराम बालक दास महाराज अपने उनके शिष्यों का विशेष योगदान रहा।रथ यात्रा यजमान नायक परिवार के घर से मेन रोड, लखेरन टोला होते हुए से वापस होकर राम जानकी मंदिर के लिए प्रस्थान हुये नगर के सभी भक्त जनों से पहुंचकर रथ यात्रा में सम्मिलित होकर जगत के पालन जगन्नाथ भगवान का आशीर्वाद ग्रहण किया। प्रत्येक सनातनी हिंदू परिवार से एवं बुढार नगर के सभी भक्तजनों के घर से एक सदस्य रथ यात्रा में सम्मिलित होकर अपने परिवार का कल्याण की कामना की है।रथयात्रा में भारी संख्या में जजमान एवं भक्तगण उपस्थित रहे। रथयात्रा वापसी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

### जिले में 0.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 0.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अमरकंटक में 2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ़ तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक रिकार्ड की गई।

### अवैध शराब ले जा रहे दो व्यक्तियों के ऊपर जैतहरी पुलिस ने की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध शराब की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एवं एसडीओपी सुमित कैरकेट्टा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की गई कार्यवाही। 29/06/2025 को दो व्यक्ति एक बिना नम्बरी काले रंग कि एच.एफ. डिलक्स मोटरसायकल में अवैध शराब ले जा रहे थे ग्रामीणों कि सुचना पर बताये स्थान काली मंदिर तिराह वेंकटनगर गये तो दो व्यक्ति बिना नम्बरी काले रंग कि एच.एफ. डिलक्स मोटरसायकल में अवैध शराब ले जा रहे थे उन्हें रोक कर पुछ ताछ कि गई तो चालक अपना नाम मुन्ना यादव पिता शंकरलाल यादव उम्र 25 वर्ष व पीछे बोरी में भरी शराब पकडे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हल्कोई यादव पिता हिसाबी यादव उम्र 26 वर्ष दोनो निवासी गोपालपुरा थाना कोतवाली जिला छतरपुर का होना बताये चेक किया तो एक सफेद रंग कि बोरे के अंदर एक कार्टन में पावर 10000 बीयर केन 60 नग कुल 30 लीटर कीमती 7200 व देशी मशाला 25 पाव कीमती 2500 रूपये कुल शराब 34.500 लीटर कुल कीमती 9700 रुपये कि देशी अंग्रेजी शराब पाई गई तथा घटना में प्रयुक्तं एचएफ डिलक्स मोटरसायकल कीमती 80000 रुपये को विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया अप. धारा 34 (ए) अबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**नाम सुधार सूचना**

मै चित्र लेखा महाजन आयु 57 वर्ष पति विजय कुमार निवासी वार्ड क्र. 16 बीमा, ग्राम डबल स्टोरी क्वाटर नं. बी/14 बदरा, थाना भालूमाड़ा तहसील व जिला अनूपपुर (म.प्र.) की हूँ, शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मै उपरोक्त पते की निवासी हूँ। मेरा आधार नं. 754259420124 है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम चित्रलेखा महाजन (CHITRALEKHA MAHAJAN) लिखा है जो त्रुटि पूर्ण है जबकि मेरे भारत निर्वाचन आयोग वोटर आई नं. NST1066448 में मेरा सही नाम चित्र लेखा महाजन (CHITRA LEKHA MAHAJAN) लिखा हुआ है। मेरे आधार कार्ड के अलावा समस्त दस्तावेज वोटर आई, एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम चित्र लेखा महाजन (CHITRA LEKHA MAHAJAN) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मे अपने आधार कार्ड में चित्रलेखा महाजन (CHITRALEKHA MAHAJAN) को सुधार का चित्र लेखा महाजन (CHITRA LEKHA MAHAJAN) करवाने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित करा रही हूँ।

शपथकर्ता

### पारम्परिक तरीके से मनाया जाएगा मोहर्रम का पर्व

## पर्व को दृष्टिगत रख जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

आगामी त्यौहार मोहर्रम 06 जुलाई को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी से सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप सद्भावना, शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सड़क मरम्मत तथा आवश्यक व्यवस्था के संबंध में सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पेयजल, प्रकाश सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर निर्धारित रूट के अनुसार ही ताजिया का जुलूस निकाला जाए। बैठक में आयोजन समितियों से कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अतिवृष्टि को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम को 24 X 7 सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे नाले, रपटे, छोटे-बड़े पुल-पुलिया जहां बारिश का जल तेजी से बढ़ता है और दुर्घटना की आशंका रहती है, वहां पर भी सुरक्षा की अतिरिक्त सावधानियां बरती जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सर्पदंश, पानी में डूबने तथा हाथी के भ्रमण के दौरान हुए जानमाल आदि नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित समय पर प्रदाय करना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कहा कि पूर्व परम्परा के अनुरूप सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए जांए। प्रशासन और पुलिस शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने सुझाव रखे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा सहित नगरपालिका, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, होमगार्ड के अधिकारी, शांति समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बिजुरी नपाध्यक्ष को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

बिजुरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सहबीन पनिका को जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए 30 जून को खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में जल संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।बिजुरी नगर पालिका ने अभियान के तहत नगर के कुएं, बावड़ियों, तालाबों, नदी और नालों की सफाई के साथ-साथ पौधारोपण जैसे कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। खंडवा में आयोजित कार्यक्रम को जिले भर में वर्चुअल माध्यम से देखा एवं सुना गया।



### जिलंग सरपंच व उपयंत्री हुये सम्मानित

जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए 30 जून को खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में अनूपपुर जिले के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना में कार्यरत उपयंत्री संजय गुप्ता तथा पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम जिलंग के सरपंच भोला सिंह धुर्वे को प्रशस्ति पत्र देकर मिशन के संचालक द्वारा सम्मानित किया गया है।

### मैदानी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने तथा सिटिजन फीडबैक के संबंध में जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रैकवार ने एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में दी। बैठक में सभी विकास खंड स्तरीय अधिकारी, बीपीओ, एपीओ, बीसी एसबीएम, एवं एडीओ एवं पीसीओ भी उपस्थित थे। जनपद सीईओ ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के संबंध में शासन के प्राप्त दिशा निर्देशों के संबंध में अवगत कराया।

## विधायक फुंदेलाल सिंह ने मैकल पार्क सौंदर्यीकरण का किया लोकार्पण

### मां नर्मदा के जल की पवित्रता बनाये रखने जलधारा में अपशिष्ट न डालने विधायक की अपील

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।




पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद द्वारा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत मेंकल पार्क के सौंदर्यी करण का विधिवत लोकार्पण किया एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम समापन किया। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदे लाल सिंह मार्को ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1 मई 25 से 30 जून 25 तक राज्य शासन द्वारा चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न जल स्त्रोतों की साफ सफाई की गई ताकि हमारे जल स्त्रोत कल कल निनाद करते शुद्ध जल प्रवाहित होते रहे जल से ही हमारा जीवन है इसी तरह पर्यावरण से शुद्ध जल वायु जो प्राण वायु है हमें प्राप्त होती है पतित पावनी मां नर्मदा जी का जल साफ सुथरा रहे गंदगी ना डालें अपशिष्ट ना डालें नर्मदा जी को आप पवित्र ना करें जल और वायु दोनों ही हमारे प्राण रक्षक हैं किसी भी जल स्त्रोत को गंदा न होने दे साफ सुथरा रखें जल स्त्रोतों को साफ रखना हमारा नैतिक दायित्व है। नगर परिषद अमरकंटक द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम का तथा अमृत 2.0 योजना के तहत मेंकल पार्क के सौंदर्यीकरण का विधिवत लोकार्पण आज मैंकल पार्क अमरकंटक में किया गया मुख्य अतिथि विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह उईके विशिष्ट अतिथि जनों नगर परिषद के पार्षद गणों नो कार्यक्रम के प्रथम चरण में मां नर्मदा जी के छायाचित्र पर विधिवत पूजन अर्चन किया तत्पश्चात शिला पटिका अनावरण किया। कार्यक्रम में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने सभी अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन प्रकाश द्विवेदी विकी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अंबिका तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं कोरोना कोरोना काल में हमें कृत्रिम ऑक्सीजन वायु लेना पड़ा था। पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की दिशा में वृक्षा रोपड़ करें जल स्त्रोत साफ सुथरे रखें नर्मदा जी जीवन दायिनी है नर्मदा जी के जल की पूजा की जाती है तथा श्रद्धालु निरंतर परिक्रमा करते रहते हैं ऐसी है हमारी मां नर्मदा। नगर परिषद अमरकंटक द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम एवं अमृत 2.0 योजना के तहत माइकल पार्क सौंदर्यीकरण का लोकार्पण कार्यक्रम में अमरकंटक विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता अंबिका तिवारी संत नर्मदानंद जी महाराज जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पांडे नर्मदा मंदिर पुजारी धनेश द्विवेदी वंदे महाराज सुनील द्विवेदी पार्षद देवानंद खत्री जोहनलाल चंद्रवंशी शक्ति पांडे सुखनंदन सिंह रोशन पनारिया सावित्री सिंह पवन तिवारी सोनू द्विवेदी विक्की द्विवेदी मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन रूपेश द्विवेदी रंजीत सिंह देवेंद्र जैन पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद बलीराम केवट लखन झरिया वीरू तंबोली पत्रकार धनंजय तिवारी श्रवण उपाध्याय एवं उमाशंकर पांडेय मुन्नू आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नकली समान बेचने वाले पर बिजुरी पुलिस की कार्यवाही


### 307950 रुपये का नकली सामान जप्त



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** बाजार मे नकली समान बेचने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सूचना तस्दीक हेतु टीम गठित की जाकर रेड कार्यवाही की गयी जिस पर कपिलधारा कालोनी थाना बिजुरी मे आरोपी अजय कुमार श्रीवास पिता स्व. संत कुमार श्रीवास उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 09 थाना अमरकंटक का मिला जिससे कब्जे से 115 नग पतंजली मर्स्टर्ड ऑयल की बोतल, टाटा टी प्रीमियम चाय पत्ती कुल 1330 नग, ग्लूकान डी के 740 नग, आल आउट के 1510 नग कुल कीमती 3,07,950/- रुपये का कब्जे से मिला मौके पर उपस्थित जांच अधिकारी के द्वारा सैंपल की जांच करने पर उपरोक्त समान नकली होना पाया गया तथा आरोपी से दस्तावेज मागने पर कोई दस्तावेज पेश नही करने पर आरोपी की कृत्य धारा 51, 63 कॉपी राइट अधिनियम 1957 पाये जाने से उपरोक्त सामग्री को विधिवत जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी अजय कुमार श्रीवास के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिह, उनि विपुल शुक्ला, प्रआर सतीष मिश्रा आर. नरेन्द्र सिंह म.आर. पूनम पाण्डेय की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### पयारी नंबर एक में टूटी रिश्तों की दीवार

## चोरी, मारपीट और धमकी का मामला



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब पयारी नंबर एक, मौहार टोला निवासी लक्षण चौधरी ने थाने पहुंचकर अपने ही परिजनों के खिलाफ गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई। घटना 27 जून की सुबह लगभग 10 बजे की है, जब लक्षण चौधरी के अनुसार उनकी पत्नी राजकुमारी चौधरी, भाई अनुज और मां सुशीला बाई ने उनके घर में घुसकर अलमारी तोड़ी और उसमें रखे सोना, चांदी, नकद रुपए और एक जिओ मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। चोरी की यह वारदात सिर्फ संपत्ति तक सीमित नहीं रही। लक्ष्मण चौधरी का कहना है कि जब उनकी बेटी ने इसका विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। हालात इतने बिगड़ गए कि आरोपियों ने जाते-जाते यह धमकी भी दी कि अगर पुलिस में रिपोर्ट की तो तुम्हारा एक्सीडेंट करवा देंगे। ये शब्द महज़ धमकी नहीं, बल्कि साफ संकेत हैं कि मामला घरेलू कलह से कहीं आगे अपराध की साजिश का रूप ले चुका है। जहां घर की चारदीवारी को सबसे सुरक्षित माना जाता है, वहीं इस घटना ने एक कड़वा सच सामने ला दिया है कि जब अपनों की नीयत बिगड़ जाए, तो भरोसे की दीवारें ताश के पत्तों की तरह बिखर जाती हैं। भालूमाड़ा पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पहली बरसात में ही खुली सिविल विभाग और ठेकेदार की पोल

### लाखों रुपए लगाकर लगाए गए पेवर ब्लॉक जमीन में धंसा



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में सिविल विभाग का कार्य भ्रष्टाचार की समस्त सीमाओं को पार कर रहा है यहां पर गंदगी साफ सफाई दूषित पानी सीपेज छत यहां तक कि छत के ऊपर जमा विशालकाय पीपल का पेड़ इस बात की गवाही दे रहा था कि सिविल विभाग के कारनामे क्या है। इसी कड़ी में ताजा उदाहरण भ्रष्टाचार का सामने आया है जिसमें की केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलोरी और बी टी सेंटर के सामने एसईसीएल ने सिविल विभाग की देखरेख में ठेकेदार के द्वारा लाखों रुपए खर्च करके पेवर ब्लॉक लगाया गया था जो पहली बरसात में ही लगभग एक फीट जमीन के नीचे धंस गया अब इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि जो पेपर ब्लॉक को लगाने में कई लाख रुपये कालरी प्रबंधन ने खर्च किए हुए पहले ही बरसात में जमीन दोष हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन है, इससे यह स्पष्ट होता है कि इसमें ठेकेदार और काम को देखरेख करने वाला सिविल विभाग की मिलीभगत है। इस पेवर ब्लॉक के जमींदोज हो जाने से स्थानीय जनों में काफी आक्रोश है। आमजन श्रम प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के महाप्रबंधक और उच्च अधिकारियों से उचित कार्यवाही की मांग की है।

#### इनका कहना है

काम ठेकेदार द्वारा सही नहीं किया गया है और जब तक वह उसे पूरी तरह फिर से नहीं सुधारेगा तब तक भुगतान नहीं किया जाएगा।

**पीके द्विवेदी, एसओ सिविल**



## सीएलएफ के समग्र सशक्तिकरण के लिए आवासीय प्रशिक्षणों का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित संकुल स्तरीय संगठनों के समग्र सशक्तिकरण हेतु पुष्पराजगढ़ विकासखंड के बेनीबारी स्थित समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में जिले के तीन संकुल स्तरीय संगठनों संकल्प संकुल संगठन आमाडांड, जीवन ज्योति संकुल संगठन अनूपपुर एवं जय नारी शक्ति संकुल संगठन करपा का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण तीन चरणों मे क्रमशः 09 से 13 जून, 16 से 20 जून एवं 23 से 27 जून तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मिशन के विभिन्न घटकों- सामुदायिक संस्थागत विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं गैर कृषि आजीविका गतिविधियों, कौशल उन्नयन एवं रोजगार, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, वित्तीय प्रबंधन आदि के संबंध में जिला मिशन प्रबंधन इकाई से जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह, जिला प्रबंधक वित्तीय समावेशन अंजू शुक्ला, जिला प्रबंधक स्किल दशरथ झारिया, प्रभारी जिला प्रबंधक मूल्यांकन एवं अनुश्रवण दीपक मोदनवाल, सहायक जिला प्रबंधक वित्त दया दाहिया द्वारा अलग-अलग प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गई। जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सामुदायिक संस्थाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सतत रूप से विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इस तरह के आवासीय प्रशिक्षणों का आयोजन संकुल संगठनों के समग्र सशक्तिकरण की दिशा में ही एक प्रयास हैं, ताकि संकुल संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य सीआरपी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रक्रियाओं एवं गतिविधियों का बेहतर एवं पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन एवं संचालन कर सकें।

## उत्कृष्ट समाजसेवी पत्रकारिता के लिए मनोज द्विवेदी का हुआ सम्मान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार श्री मनोज द्विवेदी को उत्कृष्ट, निष्पक्ष, समाजसेवी पत्रकारिता के लिये सम्मानित करते हुए उनका सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के रतलाम में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन 2025 में उत्कृष्ट एवं निष्पक्ष समाजसेवी पत्रकारिता के लिये रतलाम जिला ईकाई द्वारा पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया के साथ प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, मो रिजवान अहमद सिद्दीकी, मो अली, दिनेश अग्रवाल, अजीत मिश्रा, कृष्ण कांत तिवारी, बाबा पाठक, नीरज सिंह, राजेश पयासी, चंद्रकांत द्विवेदी, गजेन्द्र सिंह के साथ प्रदेश कार्यसमिति एवं सभी जिला संगठन के पत्रकार साथियों की उपस्थिति में सार्वजनिक मंच से प्रशस्ति पत्र, साल, श्रीफल प्रदान कर एवं माल्यार्पण करके अभिनन्दन किया गया। श्री द्विवेदी विभिन्न समाचार पत्रों में लेखन के साथ 1984 से स्वतंत्र लेखन करते रहे हैं। तीन दशक में विभिन्न समाचार पत्रों मे उनके विभिन्न लेखों का प्रकाशन हुआ है । मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ में वे जिला महा सचिव, जिलाध्यक्ष, शहडोल संभाग के अध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश उपाध्यक्ष, अध्यक्ष मण्डल के प्रदेश सह संयोजक, प्रदेश के सह निर्वाचन अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके श्री द्विवेदी वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष पर कार्यरत हैं। उन्होंने जिले की पत्रकारिता में सर्वप्रथम डिजिटल माध्यम से समाचार प्रेषण - प्रकाशन का कार्य शुरु किया। वे अनूपपुर जिले के प्रथम दैनिक समाचार पत्र के पहले संपादक हैं। उन्हे सम्मानित करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक होने के बावजूद आपकी पत्रकारिता सत्य, निष्ठा, समाज के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कार्य किया। आपने पत्रकारिता के उच्च मानदंड स्थापित करते हुए सामाजिक जागरुकता और राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के लिये सतत कार्य किया। आयोजन समिति एवं सभी शुभचिंतकों ने इसे रतलाम की पावन धरा पर अनूपपुर का सम्मान बतलाते हुए मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया एवं आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए श्री द्विवेदी को शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ जीवन और निररंतर प्रगति की कामना की।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन एवं वाटर शेड सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

### बूंद बूंद पानी का संरक्षण जरूरी- जिला पंचायत अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जल है तो कल है बूंद बूंद पानी को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है शासन के द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान न सिर्फ शासन, प्रशासन का अभियान है बल्कि इसमें सभी की सहभागिता से ही सफलता प्राप्त होती है पिछले तीन माह में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सार्थक कार्य जिले में हुए हैं जिले के नागरिक सतत रूप से जागरूक रहकर जल संचय में अपना योगदान दें, वर्षा जल को संचित करने के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है इसके संरक्षण की जवाबदारी भी हम सबकी है उक्ताशय के विचार जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन एवं वाटरशेड सम्मेलन के जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि खेत तालाब तथा जल संरचनाओं के संवर्धन के लिए किए गए प्रयास सराहनीय है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए जल का संचय समय की मांग है उन्होंने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से पानी की एक- एक बूंद को सहेजने की अपील करते हुए सभी लोगों से पौधारोपण करने आग्रह भी किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपद अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने अनूपपुर जिले के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में 3739 खेत तालाब 12 अमृत सरोवर 400 डगवेल 802 वाटर हार्वेस्टिंग तथा 832 के तालाब के निर्माण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अमले को प्रशिक्षण देने के साथ ही जल संचय के लिए जागरूक करने का कार्य भी किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन एवं वाटर शेड सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष थे दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण से किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत के पीआरओ अमित श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सेवा और सुशासन के 18 माह के विरासत से विकास की राह पुस्तिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।